# तैराकी में बनप्रीत कौर ने जीते दो कांस्य पदक, सम्मानित



भास्कर संवाददाता | चमकौर साहिब

पंजाब यूनिवर्सिटी पटियाला द्वारा अंतर कॉलेज तैराकी मुकाबले सरकारी महिंदरा कॉलेज पटियाला में करवाए गए। इसमें यूनिवर्सिटी के अलग-अलग कॉलेजों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुकाबलों में अमर शहीद बाबा अजीत सिंह जुझार सिंह मेमोरियल कॉलेज बेला की खिलाड़ी बनप्रीत कौर ने 100 मीटर, 200 मीटर मुकाबले में दो कांस्य पदक जीते। कॉलेज पहुंचने पर बनप्रीत कौर को कमेटी के सचिव दविंदर सिंह जटाणा, मैनेजर सुखविंदर सिंह विस्की ने सम्मानित किया। कालेज़ प्रिं. सुरमुख सिंह, शिक्षा विभाग के मुखी प्रो. प्रितपाल सिंह, अमरजीत सिंह एडीई को बढ़िया कार्यकागुजारी के लिए बधाई दी। इस मौके पर प्रो.ममता अरोड़ा, प्रो.सवतंत कौर शाही, डॉ.बलजीत सिंह, प्रो. राजवीर सिंह भी मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner